जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक :एफ/प्रशा/स्था/2021/3646 दिनांक 11/02/2021

// कार्यालयीन आदेश//

विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 15-(ख),(1) के अंतर्गत एवं कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 29.01.2021 के पद क्रमांक 26 के अनुमोदन के आधार पर प्रोफेसर उमेश होलानी की नियुक्ति कुलाधिसचिव (रेक्टर) के पद पर दिनांक 01.02.2021 से की गई है माननीय कुलपति जी के निर्देशानुसार माननीय कुलाधिसचिव जी को निम्नलिखित कार्यो हेतु अधिकृत किया जाता है।

1. कुलपति जी द्वारा समय समय पर सौपे गये समस्त कार्य।
2. कुलपति जी की अनुपस्थिति में प्रभारी कुलपति के रूप में कुलपति के दैनंदिनी कार्य।
3. विभिन्न परीक्षाओं(स्नातक एवं स्नातकोत्तर) आदि के परीक्षको की नियुक्ति के पैनल का अनुमोदन।
4. प्रायोगिक परीक्षा, मौखिक परीक्षा एवं अन्य परीक्षा कार्य हेतु शिक्षको की नियुक्ति।
5. पी.एच.डी. पंजीयन पुनः पंजीयन, पी.एच.डी. एक्सटेशन आदि कार्य (पी.एच.डी. परीक्षको की नियुक्ति को छोडकर)।
6. समस्त शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चत करना।
7. समस्त अकादिमक कार्य में कुलपति के सहयोगी के रूप में कार्य करना।
8. विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली परीक्षाऐं एवं घोषित परीक्षा परिणामों की समय समय पर समीक्षा।
9. सी.एम.हेल्पलाईन, प्रोक्ट्रोरियल बोर्ड, एन्टी रैगिंग कमेंटी के संबंध में समय समय पर ली गई बैठकों की समीक्षा एवं उनका कियान्वयन।
10. कार्यपरिषद के सदस्य के रूप में कार्यपरिषद की बैठको मे लिये गये निर्णयों का कियान्वयन।
11. बोर्ड ऑफ स्टडीज, फैकल्टी,अकादमिक कांउसिल एवं स्टेडिंग कमेटी में शामिल होकर उनके द्वारा लिये गये निर्णयों की समीक्षा।
12. कार्यपरिषद के सदस्यों द्वारा समय समय पर भेजे गए पत्रों पर कार्यवाही एवं समाधान करना।
13. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली एवं अन्य अनुदान प्रदान करने वाली संस्थाओं से संबंधित एवं शासन द्वारा घोषित नई पॉलिसियों का कियान्वयन।
14. समस्त अकादमिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सकिय भागीदारी करना।

उपरोक्त कार्यो के कियान्वयन/सम्पादन हेतु उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगें।

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रति,

प्रो0 उमेश होलानी
कुलाधिसचिव
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रतिलिपिः-

1. समस्त समंन्वयक/विभागाध्यक्ष/निदेशक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. समस्त अधिकारी/अधीक्षक, जीवाजी विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
3. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. व्यक्तिगत पत्रावली हेतु।

सहा/उप-कुलसचिव (प्रशा0)